**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण

पंतनगर। 16 मई 2023। भारत का अमृत महोत्सव के अंतर्गत चलाए जा रहे न्यूट्री स्मार्ट विलेज कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के 'अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना' के वैज्ञानिकों द्वारा भीमताल ब्लॉक के बेलुवाखान गाँव में कृषक महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु 'मशरूम उत्पादन' पर एक–दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें 22 कृषक महिलाओं ने प्रतिभाग लिया।

प्रशिक्षण में विशेषज्ञ डा. एस.के. मिश्रा, प्राध्यापक, प्लांट पैथोलॉजी द्वारा कृषक महिलाओं को मशरूम उत्पादन को आजीविका के स्रोत के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मशरूम के उत्पादन से लेकर इसे बेचने तक के सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के शंकाओं का भी समाधान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषक महिलाओं को मशरूम उत्पादन हेतु मशरूम बैग भी दिये गये। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सुश्री जानकी चनियाल भी मौजूद रहीं।




*कार्यक्रम में मशरूम उत्पादन पर कृषक महिलाओं को जानकारी देते अधिकारी।*

**निदेशक संचार**